(a) मारवाड़ के मोटाराजा उदयसिंह को
(b) आमेर के मानसिंह को
(c) बीकानेर के रायसिंह को
(d) राय मुकुन्द सिंह को

Varisht Computer Anudeshak -19.06.2022

Ans. (c) : अकबर ने रायसिंह को मेवाड़ अभियान के समय सलीम के साथ भेजा था। अकबर ने इनकी सेवाओं से संतुष्ट होकर शमशाबाद एवं नूरपुर की जागीर तथा राय की उपाधि थी।

117. बीकानेर के इतिहास लेखन में कौन सी ''ख्यात'' अति लाभदायक है?

(a) मुण्डीयार री ख्यात (b) बांकीदास री ख्यात
(c) दयालदास री ख्यात (d) नैणसी री ख्यात

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) भर्ती परीक्षा- 2020

Ans. (c) 'ख्यात' राजस्थान के वे साहित्य है जिसमें राजा के दैनिक जीवन की घटनाओं का वर्णन होता था। कवि दयालदास द्वारा रचित 'दयालदास री ख्यात' से राव बीका से महाराज सरदार सिंह के समय तक का वर्णन मिलता है। बीकानेर के इतिहास को जानने का यह प्रमुख स्रोत है। नैणसी री ख्यात राजस्थान की सबसे पुरानी ख्यात है।

118. बीकानेर शासक कर्णसिंह किस मुगल सम्राट के समकालीन थे-

(a) जहाँगीर, शाहजहाँ (b) शाहजहाँ, औरंगजेब
(c) अकबर, जहाँगीर (d) औरंगजेब, शाहआलम

JEN Mechanical Degree Exam Date : 21.8.2016

Ans. (b) – बीकानेर के शासक कर्णसिंह मुगल सम्राट शाहजहाँ एवं औरंगजेब के समकालीन थे। इन्होंने 'साहित्य कल्पद्रुम' की रचना की। इनके दरबारी विद्वान गंगानंद मैथिल ने 'काव्य डाकिनी' तथा 'कर्ण भूषण' नामक ग्रंथ लिखे। इन्होंने करण महल का निर्माण करवाया।

119. बीकानेर के अनूपसिंह को औरंगजेब ने कौनसी उपाधि से सम्मानित किया था?

(a) माही मरातव (b) माही रखब
(c) माही सराव (d) माही विजेता

Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I
कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (रसायन) भर्ती परीक्षा 2019
वनपाल भर्ती परीक्षा 2020 (6.11.2022)

Ans. (a) : महाराजा अनूप सिंह बीकानेर के राठौर शासक थे। वह 1669 ई. में बीकानेर के महाराजा बने। मुगल बादशाह औरंगजेब ने मराठों का दमन करने के लिए महाराजा अनूप सिंह को भेजा। अनूप सिंह की वीरता से प्रभावित होकर औरंगजेब ने उन्हें 'माही मरावत' तथा 'महाराजा' की उपाधि से सम्मानित किया था।

120. बीकानेर के कौन से शासक को उसकी वीरता से प्रभावित होकर औरंगजेब ने'माही मरातिब'की उपाधि दी?

(a) राव दलपतसिंह
(b) राव सूरसिंह
(c) राव कर्णसिंह
(d) राव अनूपसिंह

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (रसायन) भर्ती परीक्षा-2019

Ans. (d) – बीकानेर के शासक अनूप सिंह की वीरता से प्रभावित होकर औरंगजेब ने 'माही मरातिब' की उपाधि दी थी। अनूप सिंह प्रकाण्ड विद्वान, विद्यानुरागी एवं संगीत प्रेमी थे।

121. इतिहासकार जी.एच.ओझा के अनुसार, 'मतीरे की राड़' नामक युद्ध कब लड़ा गया?

(a) 1640 ई. में
(b) 1644 ई. में
(c) 1648 ई. में
(d) 1650 ई. में

RPSC Kanishta Abhiyanta (Y.V.) 20-05-2022, Shift-II

Ans. (b) : मतीरे (तरबूज) की राड़ (झगड़ा) नामक युद्ध 1644 ई. में लड़ा गया था। यह कहानी बीकानेर रियासत सीलवा गांव और नागौर रियासत का जाखणियाँ गाँव की है जो एक दूसरे के समानांतर स्थित थे। तरबूज की फसल बीकानेर रियासत में उगी और फल नागौर रियासत में लगा। इस पर किसका अधिकार है इसको लेकर दोनों रियासत में युद्ध हो गया जिसमें हजारों सैनिक मारे गये थे। अंततः युद्ध में नागौर की हार हुई।

122. मारवाड़ के राठौड़ राजवंश का संस्थापक कौन था?

(a) राव सीहा (b) राव जोधा
(c) राव चूंडा (d) राव रणमल

RPSC Van Rakshak Exam 11.12.2022 Shift-I
हथकरघा उद्योग 2018
Investigtor Exam 21.08.2016

Ans. (a) : मारवाड़ में राठौड़ वंश की स्थापना 'राव-सीहा' ने 13वीं सदी में की थी। जिसे कन्नौज के गहड़वाल जयचंद का वंशज माना जाता है। राठौर राजवंश का वास्तविक संस्थापक राव चूड़ा को माना जाता है। इसका शासन काल 1394-1423 ई. तक था। मारवाड़ राठौड़ रियासत स्वतन्त्रता के समय 1947 ई. तक बनी रही। इस रियासत के अंतिम राजा उम्मेद सिंह (1918-1947 ई.) थे।

123. राठौर राजवंश के प्रथम शासक कौन थे?

(a) राव रणमल (b) मोकल
(c) राव जोधा (d) राव चूड़ा

पटवार -2020 (24 अक्टूबर, 2021) Shift-IV

Ans. (d) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

124. मारवाड़ में राठौर वंश के निम्नलिखित प्रारंभिक शासकों को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए-

(i) राव सीहा
(ii) राव अस्थान
(iii) राव दूहड़
(iv) राव रायपाल

सही कूट का चयन करें-

	(a)	(b)	(c)	(d)
(a)	i	iii	ii	iv
(b)	i	iv	iii	ii
(c)	i	iii	iv	ii
(d)	i	ii	iii	iv

Gram Vikash Adhikari (Mukhya Pariksha) 09-07-22